



## जंगली जानवर ने किया हमला, बुजुर्ग की मौत

लखीमपुर खीरी, 31 दिसंबर (भाषा)।

जिले में दुधवा सुरक्षा क्षेत्र के पास अज्ञात जंगली जानवर के हमले में 60 साल के शख्स की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि दुधवा सुरक्षा क्षेत्र की उपनिदेशक कीर्ति चौधरी ने बुधवार को बताया कि मृतक की पहचान धौरहरा तहसील के मगराउली गांव के रहने वाले सिराजुद्दीन के रूप में हुई है।

चौधरी के मुताबिक, उनपर मंगलवार रात धौरहरा वन रेंज के तहत पंडितपुरवा गांव के पास हमला हुआ था और बुधवार सुबह धौरहरा आरक्षित वन के पास, दहाउरा नाले के समीप झाड़ियों से उनका क्षत–विक्षत शव बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि मौके पर कदमों के निशान नहीं मिले हैं इसलिए अभी यह पता नहीं चल पाया है कि हमला करने वाला जानवर बाघ था या तेंदुआ। शव के पोस्टमार्टम के बाद इस बारे में पक्के तौर पर कुछ कहा जा सकेगा।

हालांकि इलाके से हाल में किसी बड़े जानवर की गतिविधि की कोई खबर नहीं थी, लेकिन मौके से कुछ दूरी पर दूसरी तरफ एक तेंदुए के पदचिह्न मिले हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि यह हमला तेंदुए ने ही किया है। सूत्रों के मुताबिक, सिराजुद्दीन मंगलवार शाम को अपने मवेशियों के लिए चारा लेने दहाउरा नाले के पास गए थे। उनके परिवार के लोगों ने बुधवार सुबह उनकी तलाश की और बाद में झाड़ियों में उनका क्षत–विक्षत शव मिला।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना की, कहा

# अयोध्या की स्थिति में एक दशक में आया बदलाव

अयोध्या, 31 दिसंबर (जनसत्ता)।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को यहां कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में अयोध्या की स्थिति में काफी बदलाव आया है।

उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत हितों और धार्मिक कट्टरता से प्रेरित लोगों के कारण अयोध्या पहले अशांति और संघर्ष का गढ़ बन गई थी। मुख्यमंत्री ने श्री राम जन्मभूमि आंदोलन में सक्रिय भूमिका के लिए सिंह की तारीफ की और कहा कि लगभग 500 साल बाद मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा पूरे देश के लिए गर्व व भावनात्मक संतुष्टि का क्षण था।

आदित्यनाथ ने कहा कि सिंह राज्य सरकार और संगठन में विभिन्न जिम्मेदारियों को निभाते हुए राम जन्मभूमि आंदोलन से घनिष्ठ रूप से जुड़े रहे और वह 'प्रतिष्ठा द्वादशी' के अवसर पर अन्नपूर्णा मंदिर में ध्वजारोहण समारोह के दौरान भावुक दिखाई दिए। मुख्यमंत्री ने याद किया कि आजादी के बाद अयोध्या ने राम जन्मभूमि आंदोलन के कई चरण देखे और आरोप लगाया कि तुष्टीकरण की राजनीति और धार्मिक कट्टरता के कारण, पवित्र शहर एक समय अशांति और संघर्ष का केंद्र बन गया था। उन्होंने कहा कि पिछले 11 सालों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में स्थिति में बदलाव आया है। अयोध्या का नाम ही यह बताता है कि यहां कभी कोई युद्ध नहीं हुआ क्योंकि कोई भी शत्रु इसकी वीरता, शक्ति और गौरव के सामने टिक नहीं सका।


मंदिर में पूजा करते मुख्यमंत्री आदित्यनाथ व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

**मुख्यमंत्री** ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में तीन उल्लेखनीय घटनाएं हुई। पांच अगस्त 2020 को मंदिर का भूमि पूजन किया, जिसके बाद 22 जनवरी 2024 को मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इस साल 25 नवंबर को मंदिर के मुख्य शिखर पर धर्मध्वज फहराया गया।

उन्होंने कहा कि हालांकि, कुछ लोगों ने अपने व्यक्तिगत स्वार्थों, धार्मिक कट्टरता और तुष्टीकरण की घृणित राजनीति से प्रेरित होकर अयोध्या को अशांति और संघर्ष का अड्डा बना दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि फिर भी, यह वही अयोध्या है, जिसने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में पिछले 11 सालों में तीन महत्त्वपूर्ण घटनाएं देखी हैं जिन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता।

आदित्यनाथ ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में तीन उल्लेखनीय घटनाएं हुई। उनके मुताबिक, इसकी शुरुआत पांच अगस्त 2020 से हुई जब मोदी ने राम मंदिर का भूमि पूजन किया जिसके बाद 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री के नेतृत्व में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह हुआ।

## अन्नपूर्णा मंदिर के शिखर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने धर्म ध्वजा फहराई

अयोध्या, 31 दिसंबर (जनसत्ता)।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी के मौके पर राम मंदिर परिसर में अन्नपूर्णा मंदिर में धर्म ध्वजा फहराया और पूजा–अर्चना में हिस्सा लिया। राजनाथ सिंह के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी थे। अन्नपूर्णा मंदिर राम मंदिर परिसर में स्थित सात मंदिरों में से एक है।

श्रीराम की जयकारों और मंत्रोच्चार के बीच रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री ने विधिवत पूजन कर मां अन्नपूर्णा मंदिर के शिखर पर धर्मध्वजा फहराया। दर्शन–पूजन के बाद जब दोनों नेता मंदिर परिसर से बाहर निकले, तो श्रद्धालुओं ने 'जय श्रीराम' के जयकारे लगाकर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया और बच्चों को स्नेहपूर्वक आशीर्वाद दिया। पूरे परिसर में भक्तिमय और उत्साह का माहौल बना रहा। राजनाथ सिंह ने रामलला की पूजा की और राम मंदिर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में भी हिस्सा लिया। मुख्य धार्मिक कार्यक्रम बुधवार को हुआ लेकिन प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी से जुड़े अनुष्ठान शुक्रवार तक जारी रहेंगे। मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठान शनिवार से ही जारी हैं।

मंदिर ट्रस्ट के एक पदाधिकारी ने बताया कि इन धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान रामलला के दर्शन के लिए अनुमानित पांच से छह लाख श्रद्धालुओं के अयोध्या पहुंचने की उम्मीद है। इससे पहले, प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार सुबह अयोध्या पहुंचे थे।

महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। इसके बाद दोनों नेता हनुमानगढ़ी पहुंचे और दर्शन–पूजन के उपरांत श्रीराम जन्मभूमि परिसर आए।

## पुनरीक्षण के लिए दस्तावेज जुटाने 29 साल बाद लौटा बुजुर्ग

मुजफ्फरनगर, 31 दिसंबर (जनसत्ता)।

जिले में 1997 से लापता और अरसे पहले मृत मान लिए गए 79 वर्षीय शरीफ अहमद लगभग 29 साल बाद मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के कारण दस्तावेज ढूंढने के वास्ते अपने पैतृक शहर खतौली लौट आए।

शरीफ अहमद के भतीजे वसीम अहमद ने बुधवार को बताया कि उनके चाचा अपनी पहली पत्नी की मौत के बाद पश्चिम बंगाल की रहने वाली एक महिला से शादी करने के बाद 1997 में वहीं चले गए थे और वह 29 दिसंबर को खतौली पहुंचे। वसीम ने कहा कि इन सालों में, हमने उन्हें ढूंढने की बहुत कोशिश की। यहां तक कि पश्चिम बंगाल भी गए और उनकी दूसरी पत्नी द्वारा बताए गए पते पर भी उनके बारे में जानकारी ली, लेकिन उनका कुछ भी पता नहीं चला। दशकों तक कोई संपर्क न होने के कारण उनकी चार बेटियों और परिवार ने मान लिया था कि वह अब जीवित नहीं रहे।

**मृत** मान चुके थे परिजन।

शरीफ अहमद ने कहा कि वह पुनरीक्षण प्रक्रिया से संबंधित दस्तावेज इकट्ठा करने की कवायद में खतौली लौटे। उनके अचानक घर पहुंचने पर परिजन बेहद खुश हुए। यहां लौटने पर उन्हें पता चला कि उनके पिता, एक भाई और कई अन्य रिश्तेदारों की मृत्यु चुकी है। वसीम ने कहा कि इस पुनर्मिलन से परिवार में खुशी का माहौल है।

उन्होंने कहा कि इतने सालों बाद उन्हें देखना हम सभी के लिए एक भावुक पल था। बहरहाल, कुछ दिन रुकने के बाद शरीफ अहमद जिला–स्तरीय कार्यालय में औपचारिकताएं पूरी करने के लिए पश्चिम बंगाल लौट गए। वहां वह अपने परिवार के साथ मेदिनीपुर जिले में बस गए हैं।

## मादक पदार्थ के साथ दो गिरफ्तार

बरेली, 31 दिसंबर (जनसत्ता)।

थाना भमोरा की पुलिस ने मादक द्रव्य विरोधी बल (एएनटीएफ) की जिला इकाई की मदद से नशीले पदार्थों के दो तस्करों को बुधवार को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने उनके पास से तीन किलो 500 ग्राम अवैध अफीम बरामद की है, जिसका अंतरराष्ट्रीय बाजार में मूल्य 35 लाख रुपए आंका गया है। थाना प्रभारी सनी चौधरी ने बताया कि पकड़े गए तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। थाना भमोरा की पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मुखबिरों की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मकरंदपुर गांव के हनुमान मंदिर चौराहे के पास घेराबंदी करके दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों ने बताया कि वे कबाड़े की दुकान चलाने का काम करते हैं।


**राम आर्मी प्राइमरी स्कूल,** शंकर विहार, दिल्ली कैंट, नई दिल्ली के लिए पूर्व–प्राथमिक/प्राथमिक शिक्षकों की आवश्यकता है।

**राम आर्मी प्राइमरी स्कूल,** शंकर विहार, दिल्ली कैंट, पूर्व–प्राथमिक/प्राथमिक शिक्षकों के पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया आरएपी स्कूल कार्यालय से 958–241–9864 पर संपर्क करें

ईमेलः appsramshankarvihar@awesindia.edu.in

**CBC 10622/11/0023/2526**



REDTAPE

**रेडटेप लिमिटेड**

**CIN: L74101UP2021PLC156659**
**पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट नं. 8, सेक्टर 90, गौतम बुद्ध नगर, नोएडा, उत्तर प्रदेश, 201301, भारत**
**फोन: +91 120-6994444 | +91 120-6994444**
**ईमेल**: compliance@redtapeindia.com **वेबसाइट:** www.redtape.com

**भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोधों को पुनः दर्ज करने के लिए विशेष विंडो के संबंध में अनुस्मारक सूचना**

सेबी परिपत्र संख्या SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97, दिनांक 02 जुलाई, 2025 के अनुसरण में, कंपनी भौतिक शेयरधारकों के लिए शेयरों के हस्तांतरण हेतु पुनः जमा करने के अनुरोध प्रस्तुत करने हेतु एकमुश्त विशेष विंडो प्रदान करते हुए प्रसन्न है। यह विशेष विंडो 07 जुलाई, 2025 से 06 जनवरी, 2026 तक खुली रहेगी और उन मामलों पर लागू होगी जहाँ मूल शेयर हस्तांतरण अनुरोध 01 अप्रैल, 2019 से पहले जमा किए गए थे और दस्तावेज़ीकरण, प्रक्रिया में कमियों या किसी अन्य कारण से वापस कर दिए गए/अनुपस्थित या अस्वीकार कर दिए गए थे। इस विंडो के दौरान हस्तांतरण के लिए पुनः जमा किए गए शेयरों का प्रसंस्करण केवल डीमैट रूप में ही किया जाएगा। पात्र शेयरधारक आवश्यक दस्तावेजों के साथ कंपनी के रजिस्ट्रार टू एन इश्यू एंड और शेयर ट्रांसफर एजेंट के पास KFINTECH Limited, Kfin Technologies Limited, Selenium, Tower 8, Plot No-31 & 32, Financial District, Nanakramguda, Serilingampally, Hyderabad - 500032, Telangana, India में अपना स्थानांतरण अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं।

KYC अपडेट करें और भौतिक शेयरों को डीमैट मोड में बदलें

जिन शेयरधारकों के पास भौतिक रूप में शेयर हैं, उनसे अनुरोध है कि वे अपना KYC अपडेट करें और अपने भौतिक शेयर प्रमाणपत्रों को डीमैट रूप (इलेक्ट्रॉनिक रूप) में परिवर्तित करें। शेयरधारकों से यह भी अनुरोध है कि वे अपने अघोषित लाभांश राशि का दावा करें, अन्यथा, इसे सात वर्ष की समाप्ति के बाद उस पर मौजूद शेयरों के साथ निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण (IEPFA) को समय पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

**रेडटेप लिमिटेड की ओर से**
**हस्ताक्षरित /-**
**अखिलेंद्र बहादुर सिंह**
**कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी**

**स्थान: नोएडा**
**तारीख: 31 दिसंबर 2025**



**इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड**
नवरत्न कम्पनी
(भारत सरकार का उपक्रम)
पंजीकृत कार्यालय : सी-4, डिस्ट्रिक्ट सेन्टर, साकेत, नई दिल्ली-110017, भारत
टेलीफोन नं.: +91-11-26530266, फैक्स: +91-11-26854000, वेबसाइट: www.ircon.org, ई-मेल: investors@ircon.org
CIN : L45203DL1976GOI008171

**भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोधों को पुनः जमा करने के लिए शेयरधारकों को चतुर्थ अनुस्मारक सूचना**

6 नवंबर, 2025 को समाचार पत्र में प्रकाशित हमारे विज्ञापन के संदर्भ में, शेयरधारकों को पुनः सूचित किया जाता है कि सेबी परिपत्र सं. **SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97** दिनांक 2 जुलाई, 2025 के अनुसार, भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोधों को पुनः जमा करने के लिए एक विशेष विंडो खोली गई है, जो 1 अप्रैल, 2019 से पहले जमा किए गए ऐसे हस्तांतरण विलेख पर लागू है, जिन्हें दस्तावेज/प्रक्रिया में कमी/या अन्य कारण से अस्वीकार/वापस कर दिया गया था/ध्यान नहीं दिया गया था।

पुनः जमा करने की विंडो 7 जुलाई, 2025 से खुली हुई है और 6 जनवरी, 2026 तक खुली रहेगी तथा ऐसे सभी हस्तांतरण प्रोसेस किए जाएंगे और हस्तांतरणकर्ता को केवल डीमैट मोड में क्रेडिट किए जाएंगे। योग्य शेयरधारक आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने हस्तांतरण अनुरोध कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड, अलंकित हाउस, 4E/2 झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055 पर जमा कर सकते हैं, संपर्क: +91-11-42541234, +91-11-42541957, ईमेल आईडी: rta@alankit.com

कृते इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड
प्रतिभा अग्रवाल
कम्पनी सचिव

**स्थान** : नई दिल्ली
**दिनांक** : 31 दिसम्बर, 2025



**वायुसेना नर्सरी विद्यालय**
**वायुसेना स्टेशन नई दिल्ली**
**(एक अंग्रेजी माध्यम सह–शिक्षा विद्यालय)**

**एनटीटी एवं एनटीटी विशेष शिक्षक की नियुक्ति**

1. वायुसेना नर्सरी विद्यालय, रेस कोर्स नई दिल्ली द्वारा एनटीटी (नियमित) एवं एनटीटी (विशेष शिक्षक–संविदा आधारित) के पद हेतु आवेदन–पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।
2. पद हेतु पात्रता एवं अन्य संबद्ध विवरण वायुसेना विद्यालय की वेबसाइट www.racecourseschools.in पर उपलब्ध है। मुख्य गारद कक्ष, वायुसेना स्टेशन, रेस कोर्स, नई दिल्ली–03 के ड्रॉप बॉक्स/विद्यालय के मेल बॉक्स (82afns@gmail.com) में आवेदन पत्र पहुँचने की अंतिम तिथि **16 जनवरी, 2026** है।
3. अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंधन समिति को विज्ञापन के बाद भी बिना किसी सूचना या कारण बताए चयन प्रक्रिया को किसी भी स्तर पर रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

अध्यक्ष
विद्यालय प्रबंधन समिति



**प्रपत्र–जी**
**रुचि की अभिव्यक्ति का आमंत्रण**
**रिवरबैंक डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड**
परगना दक्षिण, कोलकाता, पश्चिम बंगाल में रियल एस्टेट उद्योग में परिचालन
(भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड के विनियम 36ए के उप–विनियम (1) के अंतर्गत
(कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016)

प्रासंगिक विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट देनदार का नाम, पैन एवं सीआईएन/ एलएलपी नंबर सहित। | **रिवरबैंक डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड**<br>पैन – AADCR7997K<br>सीआईएन – U70101WB2007PTC120037 |
| 2. | पंजीकृत कार्यालय का पता | 1, न्यू बाटा रोड पीओ – बाटानगर, पीएस– महेशतला, परगना साउथ, कोलकाता, पश्चिम बंगाल, भारत, 700140 |
| 3. | वेबसाइट का यूआरएल | **https://hiland.in/** |
| 4. | उस स्थान का विवरण जहां अधिकांश अचल संपत्तियां स्थित हैं | कंपनी का एक चालू प्रोजेक्ट है जिसका नाम 'कलकत्ता रिवरसाइड' है, जो 1, न्यू बाटा रोड पीओ – बाटानगर, पीएस– महेशतला, परगना साउथ, कोलकाता, पश्चिम बंगाल, भारत, 700140 पर है। |
| 5. | मुख्य उत्पादों/सेवाओं की स्थापित क्षमता | अप्रयोज्य |
| 6. | पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों/ सेवाओं की मात्रा और मूल्य | 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए परिचालन से राजस्व रु. 125 लाख है |
| 7. | कर्मचारियों/कामगारों की संख्या | कर्मचारियों की संख्या – 16 (30 नवंबर, 2025 तक) |
| 8. | दो वर्षों के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरण (अनुसूचियों के साथ), ऋणदाताओं की सूची सहित अन्य विवरण यूआरएल पर उपलब्ध हैं: | संबंधित तारीखों और विस्तृत रुचि की अभिव्यक्ति के लिए **https://hiland.in/** पर सीआईआरपी टैब देखें या **Riverbankdpl@gmail.com** पर ईमेल भेजें |
| 9. | समाधान आवेदकों के लिए संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत पात्रता उपलब्ध है : | **https://hiland.in/** पर सीआईआरपी टैब के तहत रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) प्रक्रिया दस्तावेज देखें या **Riverbankdpl@gmail.com** पर ईमेल भेजें |
| 10. | रुचि की अभिव्यक्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 16 जनवरी, 2026 |
| 11. | संभावित समाधान आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि | 20 जनवरी, 2026 |
| 12. | अनंतिम सूची पर आपत्तियाँ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 25 जनवरी, 2026 |
| 13. | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि | 27 जनवरी, 2026 |
| 14. | संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स और समाधान योजनाओं के लिए अनुरोध जारी करने की तिथि | 27 जनवरी, 2026 (योग्य पीआरए द्वारा नॉन–डिस्क्लोजर एग्रीमेंट प्राप्त होने पर) |
| 15. | समाधान योजनाएँ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 27 फरवरी, 2026 |
| 16. | रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने हेतु प्रक्रिया ईमेल आईडी | **Riverbankdpl@gmail.com** |
| 17. | कॉर्पोरेट देनदार की एमएसएमई के रूप में पंजीकरण स्थिति का विवरण | एमएसएमई नहीं |

**दिनांकः** 01 **जनवरी,** 2026
**स्थानः कोलकाता**

**हस्ता./–**
**आशीष छावछरिया**
(IBBI/IPA-001/IP-P00294/2017-18/10538)
**समाधान प्रोफेशनल (आरपी)**
**रिवरबैंक डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड**
ई–मेलः **Riverbankdpl@gmail.com**
आईबीबीआई के साथ पंजीकृतः ग्रांट थॉर्नटन यूनिट 1603 और 1604, इको सेंटर, प्लॉट नं. 4, स्ट्रीट नंबर 13, ईएम ब्लॉक, सेक्टर वी, बिधाननगर, कोलकाता – 700091, ई–मेलः **ashish.c@in.gt.com**
**एएफए वैधताः** 31.12.2025 **तक (नवीनीकरण प्रक्रियाधीन)**



**इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड**
(भारत सरकार का एक उद्यम)
5वी मंजिल, ब्लॉक 2, प्लेट ए और बी, एनबीसीसी टॉवर, पूर्वी किदवई नगर, नई दिल्ली–110023
सिन नं.(CIN No). U67190DL2006GOI144520

**आईआईएफसीएल मे विभिन्न पदों के लिए प्रत्यक्ष भर्ती**

आईआईएफसीएल की स्थापना 2006 में व्यवहार्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को दीर्घकालिक वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए की गई थी। इसे सरकार द्वारा अधिसूचित सभी बुनियादी ढांचा उप–क्षेत्रों में ग्रीन–फील्ड और ब्राउन–फील्ड दोनों परियोजनाओं को वित्तपोषित करने का अधिकार है और इसमें मोटे तौर पर परिवहन, ऊर्जा, पानी, स्वच्छता, संचार, सामाजिक और वाणिज्यिक बुनियादी ढांचे शामिल हैं। आईआईएफसीएल नीचे उल्लिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

| क्र.स. | पद | पद के प्रकार | कुल रिक्तियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | महाप्रबंधक (अनुबंध के आधार पर) | अनुबंध आधार पर | 02 (यू.आर.–01, ओ.बी.सी.–01) |
| 2. | सहायक महाप्रबंधक (ग्रेड–सी) | नियमित आधार पर | 01 (एस.टी.–01) |

| | |
|---|---|
| आवेदन प्रारंभ तिथि | जनवरी 01, 2026 |
| डाक द्वारा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि | जनवरी 22, 2026 |

विस्तृत विज्ञापन के लिए कृपया हमारी वेबसाइट https://www.iifcl.in (भर्ती अनुभाग) पर जाएँ।



**PUBLIC NOTICE**

Public is hereby informed that MHS Buildtech Pvt Ltd has lost the following documents :

1. Sale deed dated 22/1/2021 executed by Sh Umardin s/o Rehmat, Rati Khan, Illiyas and Jumma all sons of Rahim Khan in favour of Sh Sunil Kumar s/o Sh Prahlad Singh registered as document no 1383 With Sub Registrar-Tauru..
2. Sale deed dated 19/01/2021 executed by Sohrab, Sheru, Hassan, Zakir s/o Late Bashir, Lal khan s/o Sh Umarrav, Rati Khan, Illiyas and Jumma all sons of Rahim Khan, Ishak and Aalmu s/o Dalsher, Khalid s/o Mehmooda, Mubina d/o Ali Mohmmad Irfan, Risal,Irshad, Nisaar and Ramzan s/o Ali Mohammad, Sohrab, Sheru, Hassan, Zakir s/o Late Sh Bashir & Jabir, Jahid, Shahid s/o Late Khurshid in favour of Sunil Kumar s/o Prahlad Singh vide sale deed dated 19/01/2021 registered as document no 1353 with Sub Registrar-Tauru.
3. Original sale deed dated 19/01/2021 executed by Rati Khan, Illiyas and Jumma all sons of Rahim Khan in favour of Sunil Kumar s/o Prahlad Singh registered as document no 1354 with Sub Registrar Tauru

With respect to (a) agricultural land measuring 82 Kanal 02 Marle carved out of Khewat/Khata no 55/56 Mustakil Number 6/1(1-0), Mustakil no 11, Killa no 9/2(1-16), 10(2 18),11(7-12),12/1(5-0),20/1(4-0), Khewat /Khata no 54/55 Mustakil no 11 Kiilla no 19/3(5-10) Khewat/Khata no 18/18 Mustakil no 11 Killa no 13(6-7),14/1(1 1),17/2(3-4), 19/1(1-0), Khewat/Khata no 24/24 Mustakil no 11 Killa no 26 (1-10), Khewat/Khata no 284/294 Mustakil no 11 Killa no 9/1(0-19),12/2(3-0),19/2(1-2) Khewat/Khata no 229/237 Mustakil no 17 Killa no 2(8-0), 3/1(3-12), 8/2(1-18), 9(5-0), Khewat/Khata no 37/37 Mustakil no 11 Killa no 20/2(4-0), 21/1(6-9) & Khewat/Khata no 247/255 Mustakil no 11 Killa no 22( 7-04) Village Shikarpur Tehsil Tauru District Nuh, and (b) agricultural Land measuring 9 Kanal 02 Marla carved out of Khewat/Khata no 158/202 Mustakil no 2 Killa no 12/2(5-6),13(2-16), Khewat/Khata no 263/332 Mustakil no 2 Killa no 9/1(1-0) Kitta 3 Village Raheri Tehsil Tauru District Nuh, Haryana admeasuring 9 Kanal 2 Marla ("Said Property").

The public at large is informed that MHS Buildtech Pvt Ltd has lost the aforesaid property documents and has acquired the Said Property vide sale deeds dated 17/02/2021 registered with sub registrar. Public at large is cautioned not to deal in the subject property basis the above sale deeds.

To this effect Lost report has been registered on 31/12/2025 at Police Station Sector 65, Gurugram, Haryana. Anybody acting upon and dealing in the said property on the basis of the lost documents shall do so at his / her own risk and consequences. The above said deeds are required to complete the chain of the property. Finder may contact the undersign

**Name : Sanjeet Kumar**
**Contact Details : +91 8800774764**